कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बड़े औद्योगिक घरानो द्वारा सचालित उद्योगों के राष्ट्रीयकरण की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"(214)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बढ़ रहे इजारेदार पूंजीवाद का अंत करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"(215)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा

जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में दिनोंदिन बढ़ रही गरीबी को समाप्त करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"(216)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण मे जनसंख्या के आधे से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से उठाने संबंधी किसी ठोस प्रस्ताव का उल्लेख नहीं किया गया है।"(217)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में कपड़ा, सीमेंट, दवा और चीनी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण करने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"(218)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश के सभी राज्यों में सीमेंट की कमी और उस स्थिति में सुधार करने के लिए किसी प्रस्ताव का उल्लेख नहीं किया गया है।"(219)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में औषध उद्योग संबंधी हाथी कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"(220)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करने की आवश्यकता करने का उल्लेख नहीं किया गया है।"(221)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुनाफों को उनके देशों में ले जाने पर प्रतिबंध लगाकर उक्त राशि को देश के विकास कार्यों में लगाने की आवश्यकता के किसी प्रस्ताव का उल्लेख नहीं किया गया है।" (222)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में औद्योगिक संबंधों को सुधारने के लिए सभी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों से सहयोग के आधार पर वार्ता चलाने की आवश्यकता और उनकी राय से मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान करने का उल्लेख नहीं किया है।"(223)

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों के अपेक्षित विकास के बारे में कोई उल्लेख नहीं है, यद्यपि सकल कृषि उत्पादन में वृद्धि करने का उल्लेख किया गया है।"(143)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में प्रति व्यक्ति खाद्यान्न खपत में प्रत्याशित वृद्धि का कोई उल्लेख नहीं है, हालांकि उत्पादन में लक्ष्य से अधिक वृद्धि होने की संभावना है।"(144)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि हरित क्रांति प्रगति रुकी पड़ी है और भूमि सुधार कानूनों को लागू किए बिना इसमें कोई प्रगति नहीं की जा सकती।"(145)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में सिंचाई-क्षमता का सही उल्लेख नहीं किया गया है।"(146)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि धन की कमी के कारण पूर्वी चम्पारन जिले में गण्डक नहर के संबंध में कोई प्रगति नहीं हो रही है।"(147)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में अर्जित सिंचाई-क्षमता के प्रयोग के बारे में किए जा रहे विशेष प्रयासों के संबंध में सही अनुमान नहीं दिया गया।"(148)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में 52 मिलियन हैक्टेयर भूमि में खेती करने का उल्लेख व्यावहारिक अनुभव पर आधारित नहीं है।"(149)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात् :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में शुष्क खेती और निर्धन ग्रामीणों को सहायता देने के कार्यक्रम में हुई प्रगति के बारे में की गई समीक्षा का कोई उल्लेख नहीं है।"(150)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि सीमांत और छोटे किसानों को दी जाने वाली सहायता का कार्यक्रम केवल कागज तक ही सीमित होकर रह गया है।"(151)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में उत्तरी बिहार मे, जोकि बिहार का सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, विद्युत संबंधी कार्यक्रम की प्रगति के बारे में कोई उल्लेख नहीं है जिसके परिणामस्वरूप पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण कृषि उत्पादन, छोटे और मझले उद्योगों और आम लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।"(152)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण मे पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण जैसे पिछड़े क्षेत्रों में सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र के लिए औद्योगिक विकास कार्यक्रम का कोई उल्लेख नहीं है।"(153)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में गैर-सरकारी क्षेत्र के अनेक सूती कपड़ा मिलों में हुई तालाबंदी का कोई उल्लेख नहीं है।"(154)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि सीमेंट का उत्पादन बढ़ जाने के बावजूद आम लोगों को सीमेंट नहीं मिल पा रहा है और यदि मिल पाता है तो बहुत अधिक मूल्यों पर।"(155)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में पटसन उद्योग में काम कर रहे, 2 लाख बेरोजगार श्रमिकों, जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों के निगम के प्रस्तावित विभाजन से आतंकित होने और देश में चल रही तालाबन्दी का कोई उल्लेख नहीं है।"(156)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में कुल राष्ट्रीय उत्पादन पहली पंचवर्षीय योजना से आंकलित नहीं किया गया है।"(157)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

परंतु खेद है कि अभिभाषण में आवश्यक वस्तुओं, कृषि निविष्टियों तथा कारखाना निर्मित माल के मूल्यों में लगातार हो रही वृद्धि तथा मूल्यों पर नियंत्रण करने के उपायों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"(158)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

परंतु खेद है कि अभिभाषण में मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण करने में सरकार की असफलता के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(159)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

परंतु खेद है कि अभिभाषण में दूरस्थ गांवों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार करने में सरकार की असफलता के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(160)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

परंतु खेद है कि अभिभाषण में सरकार द्वारा खाद्यान्नों का आयात कम करने की स्पष्ट नीति के बारे में कोई उल्लेख नहीं है, विशेषकर खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए।"(161)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में भूमि सुधार कानूनों के दृढ़ता से कार्यान्वयन के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(162)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में विकासशील देशों में व्यापार असंतुलन, जिसके बारे में गुट निरपेक्ष राष्ट्र सम्मेलन में स्वीकार किया गया था जो साम्राज्यवादी देशों द्वारा अपनायी गयी विश्वव्यापी

शोषण नीति के कारण व्याप्त है, का कोई उल्लेख नहीं है।"(258)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

परंतु खेद है कि अभिभाषण में 20-सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन में धीमी प्रगति के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(259)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण मे भूमि सुधार कानूनों का कार्यान्वयन न करने के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(260)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत भूमिहीन आदिवासियों तथा हरिजनों के लिए मकानों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग और अन्य कदाचारों के बारे मे कोई उल्लेख नहीं है।"(261)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में 20-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत 90 लाख परिवारों को दिए गए लाभों का उल्लेख सही नहीं है।"(262)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत मजदूरों के लिए निर्धारित मजदूरी की अदायगी न किए जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(263)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में 15 अगस्त, 1983 को क्रियान्वित किए गए ग्रामीण रोजगार गारन्टी कार्यक्रम के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(264)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात : –

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के क्रियान्वयन में प्रशासनिक ढील के बारे में कोई उल्लेख नही है।"(265)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोडा जाये, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण में परिवार नियोजन कार्यक्रम के क्रियान्वयन मे कदाचार, अनियमितता के बारे मे कोई उल्लेख नहीं है।"(266)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोडा जाये, अर्थात :—

"परंतु खेद है कि अभिभाषण मे प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के कदाचार के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(267)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात :—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण मे अंग्रेजों द्वारा लागू की गई उच्च शिक्षा प्रणाली को देश की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बदलने में सरकार की विफलता के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(268)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात :—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने का कोई उल्लेख नहीं है।"(269)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात :—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में ऐसी पुस्तकों के प्रकाशन में ढील के बारे में कोई उल्लेख नही है, जिनसे युवाओं को धर्म-निरपेक्षता, समाजवाद और जाति विहीनता के बारे में शिक्षा दी जा सके और उन्हें राष्ट्रीय एकता के लिए प्रोत्साहित किया जा सके तथा पक्षपात-पूर्ण प्रवृत्तियां अपनाने से हतोत्साहित किया जा सके।"(270)

कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात :—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण मे राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द के विरुद्ध काम करने वाली प्रवृत्ति, अलगाववादी गतिविधियों तथा हिंसा को रोकने और जन-धन को सुरक्षा प्रदान करने में सरकार की असफलता का कोई उल्लेख नही है।"(271)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में भारत की राजनैतिक एवं सामाजिक स्थिरता को कमजोर करने के लिए प्रयत्नशील आन्तरिक एवं बाहरी शक्तियों से राष्ट्र को सचेत करने के लिए कोई स्पष्ट सकेत नहीं किया गया है।"(272)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में अमरीकी साम्राज्यवाद और परमाणु युद्ध के लिए विश्व को बाध्य करने के संबंध में दुख प्रकट करने की आवश्यकता के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"(273)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में अमरीकी साम्राज्यवाद, जो पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों के लिए जिम्मेवार है, के बारे में दुख प्रकट करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(274)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में फिलस्तिनियों के अधिकार के बारे में कोई उल्लेख नही किया गया है, जिसका भारत समर्थक रहा है।"(275)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमरीका के बीच हथियारों की होड़ की भर्त्सना नहीं की गई है।"(276)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में हिन्द-महासागर में अमरीकी गतिविधियों की भर्त्सना नहीं की गई है।"(277)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में दियागो

गार्शिया में अमरीकी सैनिक बेड़े की उपस्थिति की भर्त्सना नहीं की गई है।"(278)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में पाकिस्तान को आधुनिकतम हथियारों से लैस करने के लिए अमरीका की भर्त्सना नहीं की गई है।"(279)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश की चीनी मिलों पर गन्ना उत्पादकों को देय करोड़ों रुपये की बकाया राशि के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(280)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में पंजाब और असम की समस्या को हल करने में सरकार की विफलता का कोई उल्लेख नहीं है।"(281)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में केन्द्र-राज्य संबंधों की पुनरीक्षा के बारे में कोई उल्लेख नहीं है।"(282)

SHRI MOHENDRA NGANGOM (Inner Manipur) : I beg to move :

That at the end of the motion, the following be *added* namely :—

"but regret that in the Address there is no mention about the need of incorporating the right to exercise franchise on attaining 18 years of age as a fundamental right in the Constitution." (163)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not take note of the failure of the present educational system to strengthen the secular outlook of the students and the need to reform our educational system." (164)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not take serious note of the fact that several large industrial Houses and foreign companies have set up small scale units to take advantage of the special benefits available to the small scale sector defeating the objectives of the Government in promoting that sector." (165)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not take note of the virtual employment freeze following the restrictions on plan and non-plan expenditure announced recently by the Government aggravating the unemployment problem." (166)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not take note of the Government's failure to curb the growth of monopoly industrial houses in the country despite the enactment of MRTP Act." (167)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the need for the inclusion of Nepali, Maithili, Manipuri and Dogri languages in the Eighth Schedule of the Constitution." (168)

SHRI E.K. IMBICHIBAVA (Calicut) : I beg to move :

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the failure of the Government in preventing the activities of communal, religious and fissiparous forces in the country." (169)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the responsibility of the Government in dragging the Punjab problem to the present state by not taking timely steps and in failing to find a lasting solution." (170)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the need to incorporate the right to employment in the Constitution." (171)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention that the Constitution will be amended to make the Centre-State relations more smooth to make both the Centre and State Governments strong." (172)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention that the broadcasting policy of AIR will be changed to encourage the secular forces and discourage communal feeling through broadcastes on AIR and TV." (173)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the failure of the Government in controlling the price rise of essential commodities used by vast majority of the masses." (174)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the failure of the Government in sending adequate drought relief to the State of Kerala which experienced unprecedented drought during the last season." (175)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the need of constituting a Commission of Enquiry to enquire into the misuse of the funds under the 20 Point Programme." (176)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not mention the failure of the Central Government to supply adequate quantity of rice to Kerala as agreed upon earlier." (177)

That at the end of the motion, the following be *added*, namely :—

"but regret that the Address does not condemn the misuse of AIR and TV." (178)

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में समस्तीपुर के दक्षिण भाग के कटाव को रोकने के कारगर उपायों की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।" (224)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा

जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में उत्तर बिहार विशेषकर समस्तीपुर जिले में, रसायनिक खादों तथा यूरिया के अभाव से खाद्यान्नों के उत्पादन पर बुरे असर का उल्लेख नहीं है।"(225)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में ही खाद्यान्न के उत्पादन को प्रोत्साहन करने और खाद्यान्न के आयात को निरुत्साहित करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(226)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में चीनी उद्योग द्वारा ईख उत्पादकों की बकाया राशि का भुगतान करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(227)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में ईख उत्पादक किसानों की ईख का लाभकर मूल्य देने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(228)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन का आधार खर्च मूलक के बदले परिणाम मूलक करने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(229)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में योजना निर्माण की केन्द्रीयकृत पद्धति के बदले ग्रामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(230)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन पर कोई जोर नहीं दिया गया है।"(231)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में मण्डल आयोग की सिफारिशों को शीघ्र क्रियान्वित करने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं है।"(232)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में मूल्य-वृद्धि को कारगर ढंग से रोकने के उपाय नहीं सुझाए गए हैं।"(233)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में कानून तथा व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को सुधारने के ठोस उपायों का कोई उल्लेख नहीं है।"(234)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में ठोस उपाय नहीं सुझाए गए हैं।"(235)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में नागरिकों को सुरक्षा देने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं है।"(236)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में रेल गाड़ियों में बढ़ते हुए लूटपाट एवं डकैती से यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का ठोस उपाय नहीं सुझाया गया है।"(237)

कि प्रस्ताव के अंत में यह जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि देश के नवजवानों में व्याप्त बेरोजगारी को समाप्त करने का कोई उल्लेख नहीं है।"(238)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में राज्य सरकारों को अलोकतंत्रात्मक ढंग से गिराने के लिए अपनायी जा रही प्रणाली का कोई उल्लेख नहीं है।"(239)

कि प्रस्ताव के अत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में कुछ लोगो द्वारा प्रतिपक्ष पर देश की प्रगति में बाधक बनने के आरोप लगाने की प्रवृत्ति का उल्लेख नहीं किया गया है।"(240)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात : —

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में प्रशासनिक पदाधिकारियों को जनहित एवं लोकोपयोगी कार्यों के प्रशिक्षण पर बल देने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"(241)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के उपाय करने का उल्लेख नहीं किया गया है।"(242)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में दक्षिण बिहार के उत्तरी कर्णपुरा कोयला क्षेत्र में एक सुपर ताप बिजली घर स्थापित करने का कोई उल्लेख नहीं है।"(243)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और रेल दुर्घटना रोकने के विषय में कोई उल्लेख नहीं है।"(244)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में न्यायालयों में हरिजन और पिछड़े वर्ग के लोगों को न्यायाधीश नियुक्त करने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं है।"(245)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में

राष्ट्रीयकृत जूट मिलों के कामगारों को समान आवासीय भत्ता देने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(246)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में निजी एवं राष्ट्रीयकृत जूट मिलों के कामगारों की 30 सूत्री मांगों के समर्थन में चल रही राष्ट्र व्यापी हड़ताल की चर्चा अभिभाषण में नहीं है।"(247)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में कटिहार जूट मिल्स में 5 जुलाई, 1982 से तालाबंदी का उल्लेख नही है।"(248)

कि प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में जूट उत्पादक क्षेत्र बिहार के पूर्णिया जिला मे फारबीसगंज एवं किशनगज में नई जूट मिलों की स्थापना की आवश्यकता की चर्चा नही है।"(249)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में गरीबी दूर करने तथा गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे लोगों को राहत देने की कारगर योजना का उल्लेख नहीं है।"(250)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में संविधान के प्रावधान के अनुसार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा देने की विफलता एवं इस प्रावधान को निश्चित अवधि में लागू करने की चर्चा नहीं है।"(251)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में हरिजनों एव आदिवासियों की बढ़ रही निर्धनता एवं निरक्षरता को समाप्त करने की निश्चित योजना का उल्लेख नहीं है।"(252)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में भूमि सुधारो की विफलता तथा भूमिहीनों में कारगर ढग से भूमि वितरण करने का उल्लेख नहीं है।"(253)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में बिहार राज्य के मनिहारी प्रखंड मे कृषि महाविद्यालय की स्थापना का उल्लेख नही है।"(254)

कि प्रस्ताव के अन्त मे निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में मनिहारी-साहबगंज के बीच गंगा नदी में सड़क पुल के निर्माण की योजना का उल्लेख नहीं है।"(255)

कि प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात :—

"परन्तु खेद है कि अभिभाषण में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ग्रामीण भूमिहीन व्यक्तियों एवं लघु कृषकों को दिए जाने वाले विभिन्न ऋण में व्यापक भ्रष्टाचार के रोकथाम की आवश्यकता का उल्लेख नहीं है।"(256)

श्री अनादि चरण दास (जाजपुर) : माननीय सभापति जी, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव जो माननीय बलिराम भगत ने रखा है और जितना समर्थन माननीय अरुकल ने किया उस पर मुझे जो आपने बोलने का मौका दिया है उसके लिए आभारी हूं।

राष्ट्रपति जी ने जो कुछ कहा है वह ठीक बात है कि यह देश कैसे आगे बढ़ता जा रहा है और हमारे कदम लगातार उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जो बातें इस सदन में अब तक कही गयीं उनको दोहराना नहीं चाहता। केवल यह कहना चाहता हूं कि आजादी के पहले देश में 35 करोड़ की आबादी थी, जो अब बढ़कर दुगुनी हो गई है। तो जैसे-जैसे आबादी बढ़ती है समस्यायें भी बढ़ती हैं। वह समस्यायें कैसे हल की जायेंगी और कैसे हम ग्रेजुअली समाजवाद की ओर जायेंगे उसकी ओर हम धीरे-धीरे जा रहे है। अभी सी०पी०एम० के माननीय सदस्य ठीक कह रहे थे, लेकिन पेक्टिस में तो यह है जिनकी तनख्वाहें स्ट्राइक करके आप बढ़वाते है, मैं पूछता हूं उनके घर में जो नौकर-चाकर काम करते हे या खेत में मजदूर काम करते हैं उनको भी वह थोड़ा ज्यादा पैसा दे रहे हैं? नहीं दे रहे है। वहां पर भी शोषण है। आज भी हमारा देश शोषण मुक्त नहीं है। समाजवाद की ओर ले जाने की जो हमारी पार्टी की इच्छा है और उस ओर जो प्रगति हुई है वह हमारी पार्टी की वजह से ही हुई है क्योंकि हमारी पार्टी ही ज्यादा समय तक पावर में रही है। आपने ढ़ाई साल में जो किया वह सब को पता है। देश को गड्ढे में डाल दिया था।

आजादी के बाद जो भी परिवर्तन देश में हुआ है, चाहे जमींदारी अबालीशन हो या राजा, महाराजाओं के प्रिवीपर्सेज का अबालीशन हो वह किसने किया? हमारी पार्टी कांग्रेस ने ही किया।

श्री मोहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : पावर्टी किसने बढ़ाई?

श्री अनादि चरण दास : ऐसी बात न कहिये। आप जिम्मेदार हैं। जहां स्ट्राइक कर के पैसा बढ़वाते हैं क्या वह अपने नौकर-चाकर का भी पैसा बढ़ाते हैं? हम नहीं कहते कि एक साल में सब कुछ हो जायगा। लेकिन जो व्यवस्था है उसमें धीरे-धीरे सुधार तो हुआ है। 35 साल पहले की स्थिति में सुधार तो हुआ है। आगे चलकर आज जो अंतर है वह भी जरूर थोड़ा कम होता जायेगा। आप ढाई साल पावर में रहे आप क्यों नहीं सुधार कर पाये? आपने प्रोपर्टी राइट को हटाया, लेकिन इस आधार में कुछ नहीं किया।

आपने प्रापर्टी राइट संविधान से हटा दिया, अच्छी बात है लेकिन उस बारे में आपने कुछ काम नहीं किया। सिर्फ प्रापर्टी राइट कानून से हटाने से क्या गरीबी जायेगी?

राष्ट्रपति जी ने ठीक कहा है कि 90 लाख लोग आई० आर० डी० प्रोग्राम में आये हैं और उनकी हालत थोड़ी अच्छी हुई है, वह बिलो-पावर्टी लाइन से थोड़ा ऊपर हो गए हैं। हम यह नहीं कहेंगे कि उनकी गरीबी दूर हो गई है, लेकिन वह थोड़ा ऊपर जरूर आये हैं। इसके बहुत उदाहरण हैं।

(व्यवधान)

हम कोई कम्युनिष्ट नहीं हैं। आपने जो समाजवाद के बारे में पढ़ा है वह कह रहे हैं और हम समाजवाद की ओर कुछ काम कर रहे है। हमारे नेता जो कह रहे है वह हम कर रहे हैं। आप बहुत दिनों से स्लोगन दे रहे हैं समाजवाद का, लेकिन आपने कभी नहीं सोचा कि समाजवाद कैसे आयेगा? जो भी प्रपोजल आपने दिया है, वह गुमराह करके दिया है, ताकि कोई समझ न पाये।

इस देश में बैंक नेशनलाइजेशन का काम

कांग्रेस ने किया है, यानि हमारी पार्टी ने किया है। इसकी सुविधाएं आप भी ले रहे हैं और दूसरे लोग भी ले रहे हैं। क्या यह समाजवादी कार्यक्रम नहीं है?

क्या यह ठीक है कि थोड़े लोगों के पास ज्यादा पूंजी रहे, वह मन मुताबिक खर्च करें, इन्वैस्टमेंट करें ताकि गवर्नमेंट के पास वह पूंजी न जाये, गवर्नमेंट को सहूलियत न मिले? बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद कितना काम हुआ है, यह आपको आंकड़े देखने से पता लगेगा। उन आंकड़ों की वजह से आपको जैलेसी हो रही है। आप कहते रहते हैं कि इंदिरा गांधी की वजह से गरीबी बढ़ती जाती है, लेकिन आपने कभी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का प्रयत्न नहीं किया।

हमारी कांग्रेस पार्टी ने 1977 में एक प्रस्ताव अर्बन लैंड सीलिंग के बारे में पास किया था, लेकिन आपने उसके बाद क्या किया? हमने जो लैंड रिफार्म किया था, जब जनता सरकार आई तो जितनी लैंड हमने गरीबों को दी थी, वह उस सबसे छीन ली। अब हमें लैंड रिफार्म करने के लिये जा रहे है, जो गाव मे गरीब हैं, जिनको अब तक जमीन और मकान नही मिला है, उसको मिलने में आप अड़ंगा डालते है कि गरीबों को कुछ न मिले। यहा तक कि श्मशान में भी गरीबों और हरिजनो के लिए फर्क है। क्या आपने एक श्मशान करने के लिए कभी कोशिश की है जिससे हरिजनों और गरीबों में कोई फर्क न किया जा सके? कितने आदमी इस माफिक है, जिन्होंने कोशिश की है कि कम-से-कम सवर्णों, आदिवासियों और हरिजनों के लिए एक ही श्मशान हो? आपने जहां एक श्मशान के बारे में झगड़ा लगा रखा है तो आप कैसे कहेंगे कि समाजवाद तुरन्त हो जायेगा? आपने इसमें कोई हिस्सा नहीं लिया है। आप ऐसा कहकर मुझे प्रोवोक करने की कोशिश मत कीजिये।

हमारे देश में अन-एम्पलायमेंट को कैसे दूर किया जाए, इस बारे में हमारी पार्टी की तरफ से कुछ कदम उठाये गये। वन-फैमिली—वन जाब के बारे में क्या किसी ने यहां पर चर्चा करने के लिए कभी कुछ कहा है? अभी यह कार्यक्रम थोड़ा ठीक नहीं चल रहा है, अभी शुरू हुआ है। जब आगे दिक्कत आयेगी तो पता लगेगा और फिर जरूर उसमें सुधार किया जाएगा।

इसमें शक नहीं है कि इन योजनाओं में कुछ कमियां हैं। क्या आपोजीशन ने उनका पता लगाने की कोशिश की है? एन०आर०ई०पी० मे कई कमियां है। हमने देखा है कि वैस्ट बंगाल में अन-एम्पलायमेंट पेन्शन सिर्फ सी०पी०आई० (एम) के वर्कर्ज को दी जाती है। अगर सी०पी०एम० वास्तव में समाजवाद लाना चाहते हैं, तो उन्हें अन्य गरीब, पिछड़े, अनपढ़ लोगों को बराबर आपरचूनिटी देनी चाहिए। सत्य तो यह है कि इस देश में प्रगति के लिए जो भी काम हुआ है, वह कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार ने किया है। बैंकों, कोयला खाद्यान्नों और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण हमारी पार्टी ने ही किया है और आज भी हम समाजवाद के ध्येय की तरफ बढ़ रहे है।

अगर हम समाजवाद लाना चाहते है और सब को बराबर आपरचूनिटीज देना चाहते है, तो हमें शोषण को बन्द करना पड़गा। अभी माननीय सदस्य ने कहा कि धनी और धनी हो रहे है और गरीब और गरीब हो रहे है। अगर शोषण का रास्ता बन्द किया जाएगा और गरीबो को और अधिक सुविधाएं दी जाएगी, तो धीरे-धीरे वे आगे बढ़ते जाएगे। मेरा सुझाव यह है कि सरकार को यह नीति अपनानी चाहिए: वन-फैमिली वन जाब, वन फैमिली वन हाउस, वन फैमिली वन चाइल्ड। आज बहुत चर्चा की जाती है कि देश की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उसको रोकने के लिए सरकार ने कोई दृढ़ स्पष्ट नीति नही बनाई है। आपोजीशन ने भी इस बारे में पूरा सहयोग नही दिया है।

श्री सूरज भान (अम्बाला): एक फैमिली में से दो एम० पी० भी नहीं होने चाहिएं।

श्री अनादि चरण दास: आज हमारे देश में सरकारी नौकरियों में 95 लाख लोग हैं। हर

साल तीन लाख लोग रिटायर होते हैं और उनके स्थान पर नये लोग रखे जाते हैं। सरकारी नौकरिया भी सैचुरेशन पायंट पर पहुंच गई हैं। हम शिक्षा पाकर आने वाले नये लड़कों को एम्पलायमेंट नहीं दे पा रहे हैं। क्योंकि एम्पलायमेंट सरकार की नौकरी या पब्लिक अण्डरटेकिंग्स की नौकरी को अगर समझा जाएगा तो वहां पर तो उनको कुछ सिक्योरिटी होती है, कम से कम 35 साल की सर्विस और उसके बाद पेंशन की सुविधा होती है, मेरा यह सुझाव है कि गवर्नमेंट सर्विस की अवधि 20 साल की जाय और उसके बाद दस साल की पेंशन उनको एक साथ दे दी जाय ताकि उनके पास कुछ कैपिटल हो जाय और उससे वह खुद कुछ कर सकें। हमारे समाजवाद में इंडीविजुअलिज्म कुछ-न-कुछ रहेगा। ऐसा नहीं है कि रसिया और चाइना की तरह सारी की सारी प्रापर्टी राज्य के पास चली गई, सरकार की हो गई और सबको नौकरी मिले, सब लोग काम करें और तनख्वाह लें, उसको खर्च करें। हमारे समाजवाद के अन्दर थोड़ा इंडिविजुअलिज्म, थोड़ा व्यक्तिगत अभिक्रम रहेगा। उसके लिए पूंजी की जरूरत होगी। आज कैपिटल किस को मिलता है? जिस के पास ज्यादा कैपिटल है उसी को मिलता है। लेकिन उसके बाद बाकी जो लोग रह जाते हैं उन के पास कोई कैपिटल नहीं होता। अगर गवर्नमेंट सर्विस 20 साल की हो जाएगी तो जिस साल सर्विस शुरू करेंगे उसी साल से सोचेंगे कि बाद में हम क्या करेंगे। फिर 20 साल बाद जब उनको दस साल की पेंशन एक साथ मिल जायगी तो उसको बैंक में जमा करके कुछ-न-कुछ धन्धा वह लोग करेंगे। इस तरह से कुछ-न-कुछ एम्पलायमेंट बढ़ेगा, शहरों में, गांवों या और किसी भी जगह कुछ-न-कुछ एम्पलायमेंट के साधन बढ़ेंगे। इसलिए मेरा एक यह सुझाव है, इसके बारे में कुछ सोचना और करना चाहिए।

दूसरी बात—आज कल जाति और धर्म के नाम पर जगह-जगह पंजाब में या और जगह जो झगड़े चल रहे हैं इनको कैसे समाप्त किया जाय, इसके बारे में भी सोचना चाहिए। मेरा यह सुझाव है आज जो सुविधाएं, आदिवासी या हरिजनों को दी जा रही हैं वही सुविधाएं जितने देश में गरीब आदमी हैं उन सब को भी दी जाएं। उस के लिए सबको पहले आइडेंटिफाई किया जाय जिससे पता चल जाय कि कितने ऐसे गरीब परिवार हैं। फिर सोशल और एकोनामिक बैनिफिट जो हरिजन और आदिवासी को देते हैं वह उनको भी दिए जाएं। इससे जो एक प्रकार की जैलसी और डिस्पैरिटी है वह दूर हो जायगी और समाजवाद की ओर बढ़ने के लिए हमारा रास्ता और साफ हो जायेगा। हमने इसके बारे में अपनी कमेटी की तरफ से जो सुझाव दिया था उसके बारे में सोचें और इस काम को करें। जितने भी गरीब लोग देश में हैं सबको पहिले आइडेंटिफाई किया जाय। जिस समय हमारा संविधान बना था उस वक्त इस तरह का आइडेंटिफिकेशन करना सम्भव नहीं था। लेकिन आज इतने पढ़े-लिखे लोग उपलब्ध हैं, आज उनके जरिए से इस काम को गवर्नमेंट कर सकती है। अगर एक दिन में एलेक्शन आप कर सकते हैं, एक दिन में सारी जनगणना कर सकते हैं तो क्या हर एक परिवार का सर्वे नहीं कर सकते हैं जिससे यह पता चल सके कि कौन लोग विलो पावर्टी लाइन हैं। उन का सबका आइडेंटिफिकेशन करने के बाद जो सहूलियत आई०आर०डी० में दी जाती है वह उन सबको दी जाय ताकि जो डिस्पैरिटी है वह कम हो और जो जैलसी है वह भी दूर हो सके। इससे लोगों में यह भावना पैदा होगी कि हम सब लोग एक हैं और भाई-चारा आपस में बढ़ता जायेगा। इस प्रकार जिस नेतृत्व के अन्दर देश इतना आगे आया है उसी नेतृत्व में हम और आगे बढ़ेंगे। हमारा नेतृत्व भी इसी लाइन पर सोच रहा है कि किस प्रकार आगे जाकर देश में डिस्पैरिटी दूर हो और समाजवाद के रास्ते पर हम आगे बढ़ें। इसलिए इस सम्बन्ध में मेरे जो सुझाव हैं उन पर गौर करें, उसके बारे में सोचें और उस पर कार्यवाही करें।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको दोबारा धन्यवाद देते हुए अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री केयूर भूषण (रायपुर) : सभापति महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव

आया है उसका मैं समर्थन करना चाहता हूं। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया है कि आज हमारा राष्ट्र किस स्थिति में है और किस प्रकार से वह बिखराव की ओर जा रहा है। इस ओर उन्होंने विशेष रूप से ध्यान दिया है और साथ-ही-साथ दुनिया की जो स्थिति है उसकी ओर से इशारा किया है। उन्होंने बताया है कि आज इस देश में कुछ शक्तियां ऐसी हैं जो देश को बिखराव की ओर ले जाने का प्रयत्न कर रही हैं। मैं समझता हूं आज हर भारतीय, जोकि राष्ट्रीय दृष्टि से सोचता है, वह बराबर इस बात पर चिन्तन कर रहा है। स्वतन्त्रता से पूर्व जिस लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़े थे और जिसके आधार पर हमें स्वतन्त्रता प्राप्त हुई थी, आज उसी आधार की पुनः राष्ट्र निर्माण के लिए नितान्त आवश्यकता है। हमें विचारपूर्वक तीन बातों की ओर विशेष रूप से ध्यान देना होगा—राष्ट्रीय एकता, राष्ट्र का विकास और राष्ट्र के विकास में हमारा योगदान। राष्ट्रीय जागरण के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में सारे राष्ट्र का योगदान भी उतना ही आवश्यक है जितनी उसकी आवश्यकता हमे स्वतंत्रता प्राप्ति के समय थी। यदि उस समय और आज को तुलनात्मक दृष्टि से आप देखेंगे तो आज उसकी आवश्यकता और भी अधिक है। उस समय भी देश को जोड़ने में साम्राज्यवादी शक्तियों का कोई हित नहीं था। सभी धर्मों की एकता से हमारी राष्ट्रीयता मजबूत होती है और इसी के परिणामस्वरूप उस समय हमें स्वतन्त्रता प्राप्त हुई थी तथा विदेशी शक्तियों को यहां से जाना पड़ा था। उस समय भी वह शक्तियां नही चाहती थीं कि सभी धर्मों में एकता हो क्योंकि सभी धर्मों की एकता हमारी राष्ट्रीयता के लिए बुनियादी चीज है और इसके अभाव में देश मे बिखराव होगा। लेकिन इसके विपरीत हमने साम्राज्यवादी शक्तियों से मुकाबला करने के लिए सारे देश की एकता को राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ जोड़ दिया था। यदि हम अलग-अलग धर्मों को अलग-अलग रूप में देखते तो हमारे राष्ट्रीय आंदोलन का वह रूप नहीं बन पाता। साम्राज्यवादी शक्तियों का मुकाबला करने के लिए जो हमारा स्वतन्त्रता आन्दोलन चला उसमें हमने सभी धर्मों की एकता को उसका एक हिस्सा माना यद्यपि लोगों को यह विचित्र लगता था। गांधी जी ने तथा अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने हिन्दू मुस्लिम एकता ही नहीं वरन् सभी धर्मों की एकता को स्वराज्य के लिए आवश्यक माना था। कुछ लोग तो यह सोचते थे कि स्वराज के लिए एक ही संघर्ष का तरीका है, हिंसात्मक या अहिंसात्मक, लेकिन गांधी जी ने कहा कि जब तक जन-जन में जागरण नहीं होगा तब तक हम साम्राज्यवादी शक्तियों का मुकाबला करने के लिए तैयार न हो सकेंगे। आज भी आप देखें कि साम्राज्यवादी ताकतें हमारे देश को तोड़ने का प्रयत्न कर रही है, धर्मों के झगड़े सामने लाए गए है ताकि देश टूटे। देश को मजबूत बनाने का एक ही उपाय है कि सभी धर्मों की एकता हो। राष्ट्र के विकास के लिए भी यह अत्यन्त आवश्यक है। सभी धर्मों की एकता की मूल भावना को लेकर यदि हम चलेंगे, तो हमारे देश का विकास होगा।

हम बिखराव के रूप में देख रहे हैं कि लोग इस समस्या को किस ढंग से ले रहे है। चाहे पंजाब की समस्या हो, चाहे असम की समस्या हो और चाहे केरल की समस्या हो और काश्मीर के अन्दर इस समस्या को जानबूझकर फैलाने का प्रयत्न किया जा रहा है। कोई धर्म के मानने वाले लोग, अपने स्वार्थों को, राष्ट्रीय एकता की बात को न लेकर, सभी धर्मों मे जो सत्य प्रेम और करुणा के मूल आधार को न लेकर, जो लौकिकता है, उसको सामने लाकर यह आवाज उठाने का प्रयत्न होता है कि इस भारत के अन्दर हमारे धर्म का क्या होगा। यदि धर्म के नाम से गिनती की जाए, सनातीय हिन्दू कहलाने वाले बहुत बड़ी सख्या में देश में हैं, फिर भी उनमें साम्प्रदायिक लोग हैं और उनके अन्दर आवाज आती है कि इस वृहद भारत में हिन्दू धर्म खतरे में हैं। ताज्जुब मालूम होता है कि इस समाज में बहू हिन्दू समाज को मानने वाले हैं, फिर कहां भारत के अन्दर हिन्दू धर्म का विलीन होने की स्थिति नजर आती है, जबकि भारत की संस्कृति हजारों-हजार साल से सर्वधर्म की एकता की संस्कृति रही है। दूसरी तरफ हम देखते है कि बहुत बड़ा समाज इस्लाम धर्म को मानने वाला है। उस समय जब इस्लाम का उदय हुआ था, वहां

पर खतरा था। जब करबला मैदान में बलिदान की स्थिति आई, उस समय भी उन महापुरुषों ने भारत की ओर देखा और कहा कि भारत के अन्दर सब धर्मों के फूलने फलने की अपनी परम्परा है। आज क्या किसी इस्लाम धर्म को खतरा है। फिर क्यों ऐसी आवाज आती है कि इस्लाम धर्म की बृहद समरूप के अन्दर उपेक्षा हो रही है। सिख धर्म के अन्दर उनके महान् ग्रंथ में सभी धर्मों की एकता विराजमान है। फिर क्यों इस धर्म के तथाकथित लोग एक साम्प्रदायिक रूप में यह आवाज उठाते है कि सिख धर्म खतरे में है। जब कि भारत के अन्दर सभी धर्मों को समान रूप से विकसित करने का अवसर मिल रहा है। इसके पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है, जो भारत को शक्तिशाली रूप में आगे नहीं बढ़ने देना चाहती हैं। इसकी ओर भी आपको ध्यान देना चाहिए। चाहे किसी भी पार्टी का हो, चाहे किसी भी मत को मानने वाला हो, इस बात से सर्वसम्मत है कि भारत एक शान्ति प्रिय देश है। विश्व में भी युद्ध नहीं होने देना चाहता है हजारों-हजार साल से वह शान्ति का समर्थन करता है। परन्तु जलन इस बात की होती है कि जब वह आवाज श्रीमती इंदिरा गांधी के मुंह से निकलती है। आप इस बात को स्वीकार कीजिए और समर्थन दीजिए कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने विश्व के साथ-साथ भारत में भी शान्ति की मसीहा के रूप में सामने खड़ी हुई हैं। तो क्यों उनका समर्थन नहीं होना चाहिए, हर दल का समर्थन उनको मिलना चाहिए कि भारत शान्ति के लिए आगे बढ़ रहा है। अगर शान्ति के लिए भारत आगे बढ़ रहा है, तो नुकसान किसका होता है, सौदागरों का नुकसान होता है, आम नागरिकों का नुकसान होता है।

भारत की आवाज, जिसमें सारी दुनिया की शान्ति चाहने वालों की आवाज शामिल है, उस को तोड़ने के लिए कौन प्रयत्न कर रहा है। आप गहराई के साथ इसे देखिये। ये वही शक्तियां हैं, जो भारत को गुलाम बनाने वाली थीं और सैंकड़ों वर्षों तक भारतवर्ष को गुलाम बनाया और कभी धर्म के नाम पर और कभी भाषा के नाम पर झगड़ा कराकर आपस में लड़ाया। ये वही शक्तियां हैं, जो दुनिया में साम्राज्यवादी ताकतों को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही हैं और शान्ति के मसीहा और शान्ति के आलम्बरदार देश को फिर से तोड़ने की तैयारी कर रही हैं। यह जो झगड़ा पैदा हो रहा है, यह साधारण झगड़ा नहीं है और यह आज तक हल हो गया होता। इसमें सिर्फ चंडीगढ़ का मसला ही नहीं है। इसमें बेलगांव भी है जहां पर दो भाषा-भाषी लोगों के बीच का विवाद है और दूसरे भी ऐसे कई नगर हैं। ये झगड़े आपस में बैठकर हल किए जा सकते हैं लेकिन उनको क्यों नहीं हल होने दिया जा रहा है। इसके पीछे कौन सी शक्ति है। इसको हम को राष्ट्रीय आधार से देखना चाहिए और किसी एक दल के आधार को हम छोड़ दें। आज यह कितना बड़ा खतरा हमारे सामने है और हमारे राष्ट्रपति जी ने भी इस खतरे की ओर हम सबको आगाह किया है। हम सबको भी इस बारे में चिन्तन करना चाहिए। यह ठीक है कि पंजाब के अन्दर अगर धर्म के नाम पर कोई झगड़ा पनपता है, तो क्या देश के दूसरे कोनों में नहीं पनप रहा है। देश के दूसरे कोने में आसाम के अन्दर भाषा के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा बताया जा रहा है। यहां भाषा के समाप्त होने का खतरा नहीं हो सकता क्योंकि भारत एक बहुत बड़ा देश है और उसकी अपनी एक विशेषता है। दुनिया में ऐसे अनेक देश हैं, जहां एक ही भाषा है। एक ही भाषा वाले अनेक देश दुनिया में हैं परन्तु भारत की यह विशेषता है कि यहां पर अनेक भाषाएं हैं और अनेक भाषाएं आज ही नहीं बल्कि हजारों साल से चली आ रही हैं और उनको विकसित करने का समान अवसर हजारों साल से मिला है। हम जानते हैं कि हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी है मगर राष्ट्र कवि ने बंगला भाषा में विश्व को एक देन दी और बंगला भाषा का आदर और श्रद्धा से हम अध्ययन करते हैं और गौरान्वित होते है। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि भारत की एक छोटी सी बोली भी अगर एक रचना सामने लाती है, तो उस छोटी बोली को विकसित करने का समान अवसर भारत के अन्दर है और उसको वैसा ही अवसर है जैसा कि राष्ट्र भाषा को है। भारत की जितनी भी बड़ी भाषाएं हैं, वे

परस्पर एक दूसरे को विकसित करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। फिर कौन सी ऐसी बात सामने आ जाती है, जो भाषा के नाम पर झगड़े कराती है या धर्म के नाम पर झगड़े सामने आ जाते हैं। मैं तो यह समझता हूं कि आज दुनिया में साम्राज्यवादी ताकतें फिर से उभर रही हैं और वे दुनिया को गुलाम बनाने की कोशिश कर रही हैं और फिर से इस देश को अपने कच्चे माल का बाजार बनाने की कोशिश कर रही हैं। इससे रक्षा करने के लिए, इस खतरे से ऊपर उठने के लिए हम सब का यह राष्ट्रीय कर्त्तव्य है कि, जैसा कि मैंने पहले बताया है, हम राष्ट्रीय एकता को मजबूत करें। धर्म बड़ा है, मैं इसको स्वीकार करता हूं लेकिन सभी धर्मों के मूल में एकता है और सभी धर्मों में सत्य, प्रेम और करुणा पल्लवित हैं मगर बावजूद इसके हमें यह मानकर चलना होगा कि धर्म के मूल में राष्ट्रीयता निहित है। हर धर्म इस वक्त ऐसा महसूस करता है कि वह अलग है और उसका अपना अलग अस्तित्व है और अलग अस्तित्व के नाम से अपने को भिन्न बनाने का वह प्रयत्न कर रहा है। इसके आधार पर देश टूटता है और इस देश को टूटने से बचाने के लिए एकता की आवश्यकता है और इसमें कोई गलती नहीं होगी अगर मैं यह कहूं कि सबसे बड़ा हमारा लक्ष्य जो है, वह 'राष्ट्र' है। राष्ट्र को मजबूत करने के लिए धार्मिक एकता के लिए हमें प्रयत्न करना चाहिए। वैसे ही जन-जागरण की बात है। प्रत्येक वर्ग इसमें आता है और जन-जागरण है क्या। जन-जागरण का यही अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के विकास में जुड़े। इसका ही नाम जन-जागरण है और राष्ट्र से जुड़ने का अर्थ यह होता है कि कोई वर्ग ऐसा न रहे, जो राष्ट्र के विकास में भागीदार न हो चाहे वह मजदूर हो, मिल का मालिक हो, विद्यार्थी हो या शिक्षक हो। कलाकार हो, साहित्यकार हो, सम्पादक हो, सभी वर्ग के लोगों को उसी तरह से राष्ट्रीय विकास में योगदान करना है जिस तरह से राष्ट्रीय आजादी के लिए सभी वर्गों ने किया था। उस समय सभी ने इस बात को महसूस किया था कि देश के विकास के लिए यहां से विदेशी ताकत को हटाना जरूरी है। उस समय बिरला या टाटा जैसे पूंजीपतियों ने भी यह सोचा था कि देश का उद्योगीकरण तभी हो सकता है जबकि हमारे देश से विदेशी सत्ता हटे, नहीं तो यह देश विदेशियों के लिए कच्चे माल का भण्डार बन कर रह जाएगा। इसलिए उन्होंने भी अपना योगदान किया। जिस तरह से स्वराज्य के समय सभी ने अपना-अपना योगदान दिया था उसी तरह से आज भी प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय विकास के कार्य में योगदान करना है। जो नागरिक वह कोई भी क्यों न हो, यह सोचता है कि मेरा ही अस्तित्व यहां रहे, वह राष्ट्र के विकास में भागीदार नहीं होता है।

हमारे देश में जितने भी वर्ग हैं, चाहे पूंजीपति वर्ग हो, चाहे मजदूर वर्ग हो, सभी को यह सोचना होगा कि राष्ट्र के विकास में मेरा कितना योगदान हो सकता है। यदि कोई साहित्यकार है तो उसे साहित्यकार के नाते ऐसे साहित्य का निर्माण करना होगा जो केवल मनोरंजन के लिए न हो, बल्कि राष्ट्र के विकास में योगदान करने वाला हो। अगर वह मनोरंजन के लिए ही अपने साहित्य का निर्माण करता है तो वह राष्ट्र के विकास में योगदान नहीं करता है।

आज हम सब को यह चिंतन करना है, सभी राजनीतिक पार्टियों को चिंतन करना है कि अगर हम या हमारी राजनीतिक पार्टी राष्ट्र के विकास में योगदान नहीं दे रही है तो हमें और राजनीतिक पार्टियों को अपने चिंतन को बदलना होगा। हरेक पार्टी को इस आधार को सामने रखना होगा।

श्रीमन् स्वराज्य के समय जो परिस्थितियां थीं, वे आज नहीं हैं। वे बदल चुकी हैं। स्वराज्य के पूर्व की ओर आज की परिस्थितियों में भिन्नता है। उस समय हम यह कहते थे कि अंग्रेजी सत्ता यहां से हटे तो देश का विकास हो। लेकिन आज हमारे सामने उद्देश्य राष्ट्र के विकास का है। आज हम सभी को यह प्रयत्न करना है कि हमारे राष्ट्र का कोई भी पुर्जा कमजोर न रहे और हरेक पुर्जा हरेक वर्ग कैसे मजबूत हो, इसके लिए हम सबको प्रयत्न करके आगे बढ़ना है। हमें आज यह नहीं सोचना है कि कैसे मेरी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, कैसे

मेरा व्यक्तिगत स्वार्थ आगे बढ़े बल्कि हम सबको यह कर्त्तव्य समझना चाहिए कि हम जो भी कार्य करें उससे राष्ट्र का विकास हो, उसके विकास में योगदान हो।

इसके लिए हमें अपनी पद्धतियों पर अगर आवश्यकता हो तो दृष्टिपात करना होगा और अगर किसी पद्धति से कोई बाधा सामने आती हो तो उसमे भी सुधार करना होगा। चाहे वह कौन-सी भी पद्धति क्यों न हो ! मैं उदाहरण के रूप में कहना चाहता हूं कि हमारी शिक्षा पद्धति जो आज है, उसमें हमें आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा। मैं एक ग्रामीण की हैसियत से कहना चाहता हूं कि आधुनिक युग से पहले जो शिक्षा पद्धति हमारे देश में लागू थी, वह पद्धति शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास में भी योगदान करती थी। आज का विद्यार्थी चाहे कितना ही क्यों न पढ़ जाए, पढ़ने के बाद सबसे पहले बेरोजगारी महसूस करता है और राष्ट्रीय विकास से हट जाता है। पहले एक किसान का बच्चा, चाहे कितना ही छोटा क्यों न होता, जब अपनी मां के साथ खेत में जाता था तो सबसे पहले वह हल और फसल को देखता था। वह यह सीखता था कि किस तरह से अन्न का रोपण किया जाता है, किस तरह से वह बोया जाता है। इस थोड़ी-सी शिक्षा में राष्ट्र का विकास निहित था। उसी आधार पर हमें अपनी शिक्षा पद्धति को देखना होगा। एक साधारण हज्जाम या दर्जी भी किसी को अपने साथ रखता था और उस के साथ रहने से जो जानकारी हासिल होती थी उससे राष्ट्र का विकास जुड़ जाता था। इसलिए हमें अपनी शिक्षा-पद्धति को राष्ट्र के विकास से जोड़ना होगा।

16.58 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

जिस तरह से हमने देश से साम्राज्यवादी ताकत को निकाला उसी तरह से आज हमें सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र के विकास से जुड़ना होगा। जब हम ऐसी बातें करेंगे तभी राष्ट्र का विकास हो पायेगा। भारत की सारी राजनीतिक पार्टियों को मिलकर, भारत की संपूर्ण शक्ति को एक होकर पूरे संकल्प के साथ राष्ट्र के विकास में जुटना होगा।

मैं इन शब्दों के साथ कि राष्ट्र के विकास में देश की सम्पूर्ण शक्ति लगे, अपनी बात समाप्त करता हूं और इसी भावना के साथ अपने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का अभिवादन करता हूं।

SHRI CHANDRAJIT YADAV (Azamgarh) : Mr. Deputy-Speaker, the Rashtrapati's Address provides us an opportunity to discuss the present national situation, as well as the socio-economic policies of our country. I think today the common man in India is the worst sufferer because of the unprecedented price rise, perhaps the highest after Independence. The prices of essential goods used by the common man are touching new heights. Today the common man has to purchase pulses at Rs. 8 per kg. and mustard oil at Rs. 25 per kg. Whether it is coal, cement, fertilizer used by the farmers, foodgrains, coarse cloth, medicine or educational materials used by the students in our schools and colleges, the prices are continuously rising.

This House must remember the solemn assurance given by the Finance Minister last time when he was presenting the budget that it will control inflation and bring down the prices of essential goods. I do not know what he is going to say when he presents his budget on 29th of this month. I hope he will honestly admit that there is total all round failure of the socio-economic policies of this Government, which has brought this country to a position where, not only the poor men but even the middle income group people have reached a stage where they are finding it difficult to make both ends meet.

Coming to another subject, the law and order situation has never been so bad. Not only in the urban areas but also in the rural areas, everywhere it is fast deteriorating. It is very closely linked with the fast deteriorating economic situation in our country. The State Governments have totally failed to give protection to the life and property of the common people. This is another front where the failure of the Government is total.

Corruption today is rampant from bottom to top. Perhaps, people have taken it as a part of their life. They have lost faith that corruption can be eradicated. They think that nothing can be done without paying a bribe.

Another most sensitive section of our society is the young people. Nearly 5 crores of our educated boys and girls in this country are unemployed and their number is increasing. It is admitted by the Planning Commission and the Government that 50 per cent of our population is living below the poverty line. If the same approach and policy continue, if the same socio-economic policy is followed by adopting the same strategy by the Planning Commission, the number of people below the poverty line will go on increasing and so also the number of unemployed.

The disparity between the urban rich and poor and between the urban and rural people are widening day by day.

